Government Mahamaya College

Ratanpur, 495442

District- Bilaspur, CG

Website: www.gmcratanpur.ac.in; Email: gmc_ratanpur@rediffmail.com, Mob. **8962311524, 9300311524**

ACTION TAKEN REPORT 2017-2018

सत्र 2017-2018 में किए गए कार्यो का विवरण

अध्यापन पाठ्यक्रम विस्तार:

1. सत्र में महाविद्यालय में पूर्व से स्व-वित्तीय आधार पर संचालित बी.एससी. गणित समूह के शासकीकरण के प्रयास में सफलता मिली. गणित एवं भौतिक शास्त्र में 1-1 सहा. प्राध्यापक एवं एक प्रयोगशाला तकनीशियन का नवीन पद सृजित हुआ.
2. सत्र में बी.ए. में 40 सीट, बी.कॉम. में 20 सीट एवं बी.एससी. बायो में 10 सीट में वृद्धि सम्बंधता प्राप्त की गई.
3. आगामी सत्र से एम.ए. हिंदी तथा भूगोल, एम.एससी. रसायन शास्त्र शासकीय स्तर पर प्रारंभ किये जाने और DCA, PGDLA तथा एम.कॉम. पाठ्यक्रम स्व-वित्तीय आधार पर प्रारंभ किये जाने का प्रस्ताव, जन भागीदारी समिति से अनुशंषित कर शासन को भेजा गया.

कैरियर मार्गदर्शन एवं स्किल डेवलपमेंट:

4. बी.कॉम. के विद्यार्थियों के लिए इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया(ICAI) की ऑनलाइन कॉमर्स विजार्ड टेस्ट परीक्षा, 21 जनवरी 18 को महाविद्यालय में आयोजित की गई जिसमे 6 विद्यार्थी द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए सफल हुए.
5. मुख्य मंत्री युवा स्वावलंबन योजना (MYSY) द्वारा 2016-17 में पंजीकृत 139 में रोजगार हेतु चयनित 4 एवं प्रशिक्षण हेतु चयनित 34 कुल 38 विद्यार्थियों का 20 दिवसीय प्रशिक्षण जून-जुलाई 2017 में आयोजित किया गया. इसी तरह 2017-18 में पंजीकृत 364 में रोजगार हेतु चयनित 12 एवं प्रशिक्षण हेतु चयनित 90, कुल 102 विद्यार्थियों हेतु 20 दिवसीय प्रशिक्षण नवम्बर-दिसम्बर 2017 में आयोजित किया गया.
6. टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज एवं बिलासपुर वि.वि. द्वारा संचालित NUSSD (नेशनल यूनिवर्सिटी स्टूडेंट स्किल डेवलपमेंट) कार्यक्रम में महाविद्यालय को शामिल किया गया जिसमें 120 विद्यार्थी पंजीकृत हुए.

व्यक्तित्व विकास एवं जागरूकता:

7. विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं जागरूकता हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किये गए; 21-6-17 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 20-7-17 वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण, 2-8-17 राखी बनाने का प्रशिक्षण, 31-8-17 स्वच्छता जागरण पर निबंध, 8-9-17 विश्व साक्षरता दिवस, 9-9-17 विशाखा गाइड लाइन पर जागरूकता, 25-9-17 पंडित दीनदयाल जयंती, 9-10-17 स्वीप निबंध प्रतियोगिता,

14-10-17 युवा जागरण व्याख्यान, 26-9-17 सायबर क्राइम पर कार्यशाला, 2-11-17 GST पर कार्यशाला, 13-11-17 मतदाता जागरूकता प्रचार, 18-11-17 स्वास्थय जागरूकता व्याख्यान एवं स्वास्थय परीक्षण शिविर, 14-12-17 सर्पदंश से बचाव पर कार्यशाला, 12-1-18 राष्ट्रीय युवा दिवस, 27 से 30 जनवरी 18 स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताए तथा 31-1-18 को स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण.

8. राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के सौजन्य से 27-11-17 को विधिक जागरूकता परीक्षा आयोजित की गई जिसमे 187 विद्यार्थियों नें भाग लिया. आयोग के निर्देशानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमश: रु. 2000, 1500, एवं 1000 से पुरस्कृत किया गया.

9. राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए एवं 7 दिवसीय शिविर ग्राम रानी-बछाली में 19 से 25 जनवरी 18 में आयोजित किए.
   सत्र में महाविद्यालय के गोद ग्राम घासीपुर में स्वच्छता जागरण, वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये किए.

आधारभूत संरचना विकास:

10. लोक निर्माण विभाग द्वारा रूसा मद से निर्मित 8 अतिरिक्त अध्ययन कक्षों का अधिग्रहण किए.

11. बाउंड्री वाल के निर्माण हेतु रु. 92.44 लाख, एवं आधार तल से प्रथम तल हेतु रैंप निर्माण का 20.79 लाख का प्राक्कलन डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से राशि स्वीकृति हेतु कलेक्टर बिलासपुर को प्रस्ताव भेजा गया.

12. पुराने एवं मुख्य महाविद्यालय भवन के मरम्मत एवं विकास हेतु रु. 70 लाख का प्राक्कलन रूसा मद से स्वीकृति हेतु भेजा गया.

13. इनफ्लिबनेट की N-LIST सुविधा का नवीनीकरण किए. CCTV, DishTV, बायोमेट्रिक सिस्टम स्थापित किए.

14. शिक्षको एवं कर्मचारियों को कंप्यूटर साक्षर बनाने हेतु फेब्रुअरी 2018 में 15 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई.

15. महाविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों में प्रथक विभागीय ग्रंथालय स्थापित किए.

16. पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त वि वि के अध्ययन केंद्र हेतु महाविद्यालय में एक कक्ष अस्थाई रूप से आबंटित किए.

17. जनभागीदारी समिति द्वारा खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु रु. पच्चीस हज़ार एवं पुस्तकों हेतु पच्चीस हज़ार की राशि स्वीकृत कर आवश्यक व्यय किए.

अन्य कार्य:

18. महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षको, पालको से फीडबैक प्राप्त कर, विश्लेषण एवं आवश्यक विकास के प्रयास किए.

19. महाविद्यालय के शिक्षको ने राष्ट्रीय सेमिनार, कार्यशाला में भाग लिया, शोध पत्र प्रस्तुत एवं प्रकाशित किया.

(डॉ. श्रीमती नंदिनी तिवारी)
संयोजक, □□□□

(डा. राजीव शंकर खेर)
प्राचार्य